भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

# विज्ञापन सं0. 02/2023-24

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.) वाराणसी संसद के एक अधिनियम के तहत् वर्ष 2012 में स्थापित अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है । यह संस्थान भारतीय नागरिकों से संस्थान के तकनीकी क्षेत्र में निम्नलिखित गैर-शैक्षणिक पदों के लिए प्रत्येक पद के सापेक्ष यथा उल्लिखित पे लेवल के अनुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है ।

अभ्यर्थियों को  केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना है तथा अपेक्षित शुल्क का भुगतान पोर्टल पर उपलब्ध SB-Collect लिंक के माध्यम से करना है । अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से शुल्क रसीद अपलोड करना है तथा पोर्टल में SB-Collect संदर्भ संख्या को भरना है । अनु. जाति / अनु. जनजाति / दिव्यांगजन / महिला अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क नहीं है । ऑनलाइन पोर्टल दिनांक **15th September, 2023** से **5th October, 2023** (सायं 5.00 बजे) तक खुलेगा । किसी अन्य माध्यम से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा ।

महत्वपूर्ण: आवेदन को सफलतापूर्वक ऑनलाइन भरने के पश्चात आवेदन पत्र की एक प्रति को अनिवार्य रूप से भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रख लें । इसकी आवश्यकता प्रमाणपत्र सत्यापन/साक्षात्कार के समय पड़ेगी । संस्थान को आवेदन की हार्ड कॉपी न भेंजे ।

ऑनलाइन आवेदन पत्र को भरने के पहले अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि नीचे दिये गए **"ऑनलाइन विज्ञापन के लिए निर्देश"** एवं **"अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश"** को ध्यानपूर्वक पढ़े ।

महत्वपूर्ण तिथि:

1. ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि:  **15th September, 2023**
2. ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि: . **5th October, 2023 (सायं 05.00 बजे तक)**

| Sl. No. | Post Code | Name of the post | Group | No. of Vacancies | Breakup of vacancies | Pay Level (Plus Allowances as admissible under the rules) | Upper Age-limit (as on the last date of submission of online application) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| | | **A. TECHNICAL CADRE** | | | | | |
| 1. | 23131 | JUNIOR TECHNICIAN (Group-I) | C | 07 | 03 UR<br>02 OBC<br>01 SC<br>01 EWS | Level 3 | 27 Years |
| 2. | 23131 | JUNIOR TECHNICIAN (Group-II) | | 10 | 05 UR<br>02 OBC<br>02 SC<br>01 ST | | |
| 3. | 23131 | JUNIOR TECHNICIAN (Group-III) | | 05 | 02 UR<br>01 EWS<br>02 OBC | | |
| 4. | 23131 | JUNIOR TECHNICIAN (Group-IV) | | 01 | 01 UR | | |
| 5. | 23131 | JUNIOR TECHNICIAN (Group-V) | | 04 | 02 UR<br>01 SC<br>01 OBC | | |
| *Junior Technician will be required to work in Engineering and/ or Science Laboratories/ Units/ Offices. They can be transferred from one Laboratory to another Laboratory/ one Department/Section/Center/ Offices to another* | | | | | | | |

| ***Department/Section/Center / Offices any time in the service as per the requirement of the Institute.*** |
|---|

पदों के लिए आवश्यक, वांछनीय योग्यता और अनुभव निम्नानुसार हैं:

| **A. TECHNICAL CADRE** | | |
|---|---|---|
| **1** | **Junior Technician (Group-I) (Post Code: 23131)**<br><br>School of Biochemical Engineering, School of Biomedical Engineering, Department of Chemical Engineering and Technology, Department of Pharmaceutical Engineering & Technology | **1.** Bachelor's Degree in Engineering in the mentioned branch under the given group with a minimum of 55% marks in the qualifying degree from a recognized University / Institute.<br>**OR**<br>Three years Diploma in Engineering in the mentioned branch under the given group (after 10+2) with a minimum of 55% marks from a recognized University / Institute with one-year relevant experience.<br>**2.** Proficiency in the use of a variety of computer office applications, M.S. Word, Excel, Power Point or equivalent is a must. |
| **2** | **Junior Technician (Group-II) (Post Code: 23132)**<br><br>Central Instrumentation Facility, Department of Mechanical Engineering, Department of Metallurgical Engineering, Department of Ceramic Engineering, School of Materials Science & Technology | **1.** Bachelor's Degree in Engineering in the mentioned branch under the given group with a minimum of 55% marks in the qualifying degree from a recognized University / Institute.<br>**OR**<br>Three years Diploma in Engineering in the mentioned branch under the given group (after 10+2) with a minimum of 55% marks from a recognized University / Institute with one-year relevant experience.<br>**2.** Proficiency in the use of a variety of computer office applications, M.S. Word, Excel, Power Point or equivalent is a must. |
| **3** | **Junior Technician (Group-III) (Post Code: 23133)**<br><br>Department of Electronics Engineering, Department of Electrical Engineering, Department of Computer Science & Engineering | **1.** Bachelor's Degree in Engineering in the mentioned branch under the given group with a minimum of 55% marks in the qualifying degree from a recognized University / Institute.<br>**OR**<br>Three years Diploma in Engineering in the mentioned branch under the given group (after 10+2) with a minimum of 55% marks from a recognized University / Institute with one-year relevant experience.<br>**2.** Proficiency in the use of a variety of computer office applications, M.S. Word, Excel, Power Point or equivalent is a must. |
| **4** | **Junior Technician (Group-IV) (Post Code: 23134)**<br><br>Department of Civil Engineering, Department of Mining Engineering, Department of Architecture, Planning and Design | **1.** Bachelor's Degree in Engineering in the mentioned branch under the given group with a minimum of 55% marks in the qualifying degree from a recognized University / Institute.<br>**OR**<br>Three years Diploma in Engineering in the mentioned branch under the given group (after 10+2) with a minimum of 55% marks from a recognized University / Institute with one-year relevant experience.<br>**2.** Proficiency in the use of a variety of computer office applications, M.S. Word, Excel, Power Point or equivalent is a must. |
| **5** | **Junior Technician (Group-V) (Post Code: 23135)**<br><br>Department of Chemistry, Department of Physics, Department of Mathematical Sciences | **1.** Bachelor's Degree in Science in the mentioned branch under the given group with a minimum of 55% marks in the qualifying degree from a recognized University/Institute.<br>**OR**<br>Three years Diploma in Applied Science in the mentioned branch under the given group (after 10+2) with a minimum of 55% marks from a recognized University/ Institute with one-year relevant experience.<br>**2.** Proficiency in the use of a variety of computer office applications, M.S. Word, Excel, Power Point or equivalent is a must. |

# आवेदन शुल्क का विवरण

- अनु. जाति /अनु. जनजाति /दिव्यांगजन/ सभी महिला अभ्यर्थियों के अलावा अन्य अभ्यर्थियों के लिए -  ₹ 250/-
- अनु. जाति /अनु. जनजाति /दिव्यांगजन/सभी महिलाअभ्यर्थियों के लिए  -  शून्य

**गैर-शैक्षणिक भर्ती पोर्टल में आवेदन पत्र भरने के पश्चात शुल्क का भुगतान SB-Collect के माध्यम से पोर्टल पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके किया जाना है |**

अभ्यर्थी SB-Collect पेज पर जाएंगे

↓

**"Educational institutions"** का चयन करें

↓

**State** टैब में **"All India"**का चयन करें

↓

**Educational Institution में**
**"Indian Institute of Technology (BHU), Varanasi"**को टाइप करें तथा चयन करें

↓

भुगतान श्रेणी→**"Non-Faculty Recruitment Application Fee" का चयन करें**

↓

सभी संगत/अपेक्षित विवरण भरें

↓

अपेक्षित शुल्क जमा करें

↓

शुल्क रसीद अपलोड करना है तथा पोर्टल में SB-CollectReferenceNumber को Non-Faculty Recruitment Application Portal में भरना है

↓

आवेदन पत्र जमा करें

# अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. उपरोक्त पद पर नियुक्ति नियमित (परिवीक्षा पर)/संविदा/मानक प्रतिनियुक्ति शर्तों पर की जा सकती है । प्रतिनियुक्ति के मामले में, भारत सरकार के नियमों के अनुसार लाभ प्रदान किया जाएगा ।
2. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी समय विज्ञापित पद को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।
3. संस्थान परीक्षा की तिथि तक उत्पन्न भविष्य की रिक्तियों को भरने के लिए अभ्यर्थियों का एक पैनल तैयार कर सकता है । यदि चयनित अभ्यर्थी पद ग्रहण नहीं करता है तो उपरोक्त पैनल से प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थी को नियुक्ति का प्रस्ताव दिया जा सकता है । हालांकि, इसके बाद इन पदों के लिए सृजित होने वाली कोई भी नई रिक्तियां पूर्वोक्त पैनल से नहीं भरी जाएंगी और पद (पदों) को नियमों के अनुसार विज्ञापित किया जाएगा ।
4. मात्र पात्रता से कोई भी अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने/चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए योग्य नहीं होगा । चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थियों को शॉर्ट-लिस्ट करने के लिए अधिक कठोर मानदंड लागू किए जा सकते हैं । उच्च योग्यता एवं मेरिट वाले आवेदकों को वरीयता दी जा सकती है ।
5. एक अभ्यर्थी की पात्रता और किसी अन्य शॉर्ट-लिस्टिंग मानदंड को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 5th **October**, 2023 से माना जाएगा ।
6. भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट स्वीकार्य होगी ।
7. एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा ।
8. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन; और अंतिम तिथि के बाद किसी भी नए कागजात/अनुलग्नकों/दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
9. सफल ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के बाद आवेदन पत्र का एक प्रिंट आउट भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदक द्वारा संरक्षित किया जाना चाहिए । प्रमाण पत्र सत्यापन के समय इसकी आवश्यकता होगी । आवेदन की हार्ड कॉपी और संलग्नक संस्थान को नहीं भेजे जाने हैं ।
10. अनुभव के सापेक्ष प्रस्तुत प्रमाण पत्र उचित प्रारूप में होना चाहिए अर्थात यह संस्थान/संगठन के लेटर हेड पर होना चाहिए, जिसमें जारी करने की तिथि, कार्य की विशिष्ट अवधि (दिन/माह/वर्ष प्रारूप में) तथा प्रशासनिक अधिकारी/संगठन के स्वामी का नाम, पदनाम और हस्ताक्षर व उसकी मुहर के साथ होना चाहिए ।
11. संस्थान नियुक्ति के समय या सेवा के कार्यकाल के दौरान किसी अभ्यर्थी द्वारा जमा किए गए पूर्ववृत्त या दस्तावेजों को सत्यापित कर सकता है । यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेज नकली हैं या अभ्यर्थी के पास गुप्त रूप से पूर्ववृत्त / पृष्ठभूमि है और उक्त जानकारी को छुपाया गया है तोउसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं ।
12. नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी चयन की प्रक्रिया में किसी भी अनजाने गलती के मामले में जो किसी भी स्तर पर पता लगाया जा सकता है, संस्थान अभ्यर्थियों को किए गए किसी भी संचार को संशोधित/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।
13. चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा ।
14. आवेदक जो सरकारी रोजगार/पीएसयू/सरकारी स्वायत्त संस्थानों/केंद्र और राज्य सरकार के उपक्रमों में हैं, उनको यह सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित प्रारूप में अनापत्ति-प्रमाणपत्र अपलोड करें या साक्षात्कार के समय इसे प्रस्तुत करें ।ऐसा न करने पर उनको साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा ।
15. यात्रा भत्ता संस्थान के नियमों के अनुसार साक्षात्कार में भाग लेने के लिए शामिल अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य है, जो कि साक्षात्कार पत्र में वर्णित पता या संस्थान के लिए यात्रा वाले स्थान से सबसे छोटे रास्ते (shortestroute) द्वारा ,जो भी कम से कम दूरी हो, दोनों तरफ की यात्रा के टिकट जमा करने पर देय होगा । लिखित परीक्षा / समूह चर्चा / कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई टी.ए. / डी.ए. का भुगतान नहीं किया जाएगा । यात्रा भत्ता नकद नहीं दिया जाएगा बल्कि ऑनलाइन माध्यम से पात्र अभ्यर्थी के बैंक खाते में भेजा जाएगा ।
16. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले स्वयं को आश्वस्त करने की सलाह दी जाती है कि उनके पास विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम आवश्यक योग्यताएं अवश्य हों ।
17. साक्षात्कार के आयोजन और परिणाम व साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जाने के कारणों के संबंध में अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।
18. किसी भी रूप में प्रचार करने से अयोग्यता होगी ।
19. कोई अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।
20. भारत सरकार के नियमों के अनुसार पद के सेवानिवृत्ति/आवधिक लाभ लागू होंगे ।
21. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है । यदि कोई अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत आरक्षित पद के लिए आवेदन करता है, तो उसे सक्षम प्राधिकारी से जारी एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि / वह क्रीमीलेयर में से किसी एक से संबंधित नहीं है। संस्थान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मामलों में केंद्रीय सूची का अनुसरण करता है ।
22. विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों (OH,VI,HH) के लिए आरक्षित पद जिनके लिए विशेष पद (पदों) को आरक्षित किया गया है, उसमें विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों की अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थी भी अपना आवेदन कर सकते हैं। विज्ञापित पद (पदों) की कुछ श्रेणी के आवेदकों की अनुपलब्धता/उपयुक्तता के मामले में उक्त पद को उक्त अन्य श्रेणियों से संबंधित उपयुक्त आवेदक द्वारा भरा जा सकता है ।
23. दिव्यांगों के लिए छूट और रियायतें भारत सरकार की आरक्षण नीति और उसके बाद समय-समय पर जारी किए गए स्पष्टीकरण/निर्देशों के अनुसार लागू होंगी ।
24. संस्थान परीक्षा/भर्ती परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या पर उचित सीमा लगाने का

अधिकार सुरक्षित रखता है।

25. किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट को नियमित रूप से देखेंक्योंकि आगे किसी भी संशोधन की जानकारी संस्थान के वेबसाइट पर ही दी जाएगी ।

*** किसी भी विवाद की स्थिति में, विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण का अनुसरण किया जाएगा ।**

**दिनांक: 15.09.2023** **कुलसचिव**